year is estimated at about 52-54 lakh tonnes and the internal consumption during this year may be about 46 lakh tonnes. As regards exports, it has been decided to export 6·5 lakh tonnes of sugar during the calender year 1978.

(b) It is too early to make any reliable estimate about the production, domestic consumption and export of sugar for the sugar year 1978-79, which is to commence on October, 1978.

(c) Export of sugar has been canclised through State Trading Corporation from 10-4-1974. During the financial years 1974-75 and 1975-76 the State Trading Corporation earned rupee surplus of Rs. 155·90 crores and Rs. 150·56 crores respectively and in the next 2 financial years i.e. 1976-77 and 1977-78 a loss of Rs. 27·30 crores and Rs. 6·20 crores (estimated) respectively has been incurred.

**भारतीय विश्वविद्यालयों में विदेशी भाषाओं के अध्ययन के लिए प्रबन्ध**

5369. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में विदेशी भाषाओं का अध्ययन किन-किन विश्वविद्यालयों में किये जाने की व्यवस्था है ;

(ख) क्या यह सच है कि नेहरू विश्वविद्यालय में एशियाई भाषाओं के प्राध्यापक पिछले पांच वर्षों से नहीं हैं ;

(ग) यदि हां, तो उन के उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं ;

(घ) क्या यह भी सच है कि केवल पाश्चात्य भाषाओं को महत्व दिया जाता है और पूर्वी देशीय ( विशेषकर एशियाई भाषाओं ) के प्राध्यापक न मिलने के कारण छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार इसकी व्यवस्था कब तक कर देगी ?

**शिक्षा समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र ) :** (क) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है : [ग्रंथालय में रख दिया गया । देखिये संख्या एल० टी०—2008/78].

(ख) से (ङ) : जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार अफ्रीकी और एशियाई भाषाओं के केन्द्र में अनेक शिक्षक हैं । तथापि, कुछ भाषाओं, विशेषकर, चीनी और जापानी भाषाओं के योग्य शिक्षक प्राप्त करने में कुछ कठिनाइयां हैं, क्योंकि उपयुक्त अर्हता प्राप्त शिक्षक देश में उपलब्ध नहीं हैं । ऐसे मामलों में विश्वविद्यालय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों आदि के अंतर्गत विदेशों से शिक्षकों की सेवाएं प्राप्त करने के प्रयास कर रहा है । अफ्रीकी और एशियाई भाषा का केन्द्र पश्चिमी भाषाओं के केन्द्र के साथ आरंभ किया गया था तथा जापानी, चीनी, फारसी और अरबी में एम०ए० के लिए पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम फ्रेंच, रूसी और जर्मन भाषाओं में इसी प्रकार के पाठ्यक्रमों के साथ आरंभ किए गए थे ।

**कृष्णा जल विवाद**

5370. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, एवं कर्नाटक के बीच कृष्णा नदी के जल-विवाद का समाधान हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त निर्णय के अन्तर्गत प्रत्येक राज्य को कितने क्यूसेक पानी उपलब्ध होगा ?